सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

पत्र सं0–435 / सि0वि0वि0 / सम्बद्धता / 2026 दिनांक– 25 / 05 / 2026

अनुस्मारक

सेवा में,

समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

विषय–उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक–डिग्री विकास / 430 / 2026–27, दिनॉक–19.05.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किये जाने की सूचना उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

तदक्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त **स्ववित्तपोषित महाविद्यालय** को पुनः सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सूचना निर्धारित प्रारूप पर विश्वविद्यालय के ई–मेल आईडी–sukaffiliation@gmail.com पर दिनांक–28.05.2026 तक यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान कराने हेतु ससमय शासन को सूचना प्रेषित की जा सकें।

कृपया उक्त से अवगत होने का कष्ट करें।

संलग्नकः–प्रारूप

भवदीय

25/05/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

स्ववित्तपोषित मान्यता प्राप्त महाविद्यालय							
क्र0सं0	क्षेत्रीय कार्यालय का नाम	विश्वविद्यालय का नाम	जनपद	महाविद्यालय का नाम	स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में कार्यरत शिक्षणेत्तर (तृतीय श्रेणी)कर्मचारी	स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में कार्यरत शिक्षणेत्तर (चतुर्थ श्रेणी)कर्मचारी	स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में कार्यरत कुल शिक्षणेत्तर कर्मचारी

हस्ताक्षर